# चक्रधर समारोह के मंच पर दिखा छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

- समारोह के दूसरे दिन स्कूली बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति
- सुआ, कर्मा, ददरिया के साथ राजस्थानी, बिहू और गरबा नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन
- कलेक्टर की पहल पर नवोदित कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों को मिला चक्रधर समारोह में मौका






**रायगढ़।** चक्रधर समारोह का मंच इस बार स्थानीय स्कूली बच्चों के लिए भी समर्पित रहा। युवा सहभागिता के तहत आज रायगढ़ निगम ऑडिटोरियम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक छटा बिखेरते नजर आए। चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति को नृत्य के माध्यम से स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। राउत नाचा से लेकर सुआ, ददरिया, कर्मा जैसे विभिन्न स्थानीय सांस्कृतिक नृत्यों के साथ देश के विभिन्न राज्यों के ओडिशी, गुजराती बिहू जैसे सांस्कृतिक नृत्यों की झलक भी देखने को मिली। स्कूली बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति का शहरवासियों ने आनंद उठाया और बच्चों का उत्साहवर्धन भी किए। उल्लेखनीय है कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल द्वारा इस वर्ष चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली एवं नवोदित कलाकारों को बड़ी संख्या में अवसर दिया जा रहा हैं।

कार्यक्रम के शुरूआत में एमएसपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत भारत मां की जय बोलव रे, छत्तीसगढ़ की जय बोलव, तिरंगा झंडा लहराए जावथे, जन-गण-मंगल के धुन गावथे पर छत्तीसगढ़ी नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। न्यू होराइजन स्कूल के बच्चों ने झुलना मा झूले... छत्तीसगढ़ी लोक गीत पर कर्मा नृत्य की जबरदस्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की इस कड़ी में जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने ओडिशा की संबलपुरी नृत्य से दर्शकों का दिल जीता। बच्चों ने संबलपुर की समलाई माता की आराधना करते हुए लोक परंपरा को प्रदर्शित किया। इसी के साथ ही सेन्ट जेवियर स्कूल के बच्चों ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, राजस्थान में ढोला मारू की प्रेम गाथा को लोक-गीत के माध्यम से गाते हुए एवं नृत्य किया जाता है, जिस पर बच्चों ने गोपाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थानी घूमर, ढोला मारू की प्रेम गाथा एवं कालबेलिया में रंगीली नागन नृत्य से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं गुजरात की लोक प्रिय गरबा नृत्य, जिसे नवरात्रि के अवसर पर देश के साथ छत्तीसगढ़ में देखने को मिलता है, जिसकी खूबसूरत झलक आज गार्जेयन एंड गाइड के बच्चों ने मंच में दिखाई, जिसका निर्देशन प्रीति सोनी एवं रोशनी यादव ने की थी। देश की पूर्वोत्तर राज्य असम में प्रचलित बिहू नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखे। जिसकी मनमोहक प्रस्तुति सेंट टेरेसा स्कूल के बच्चों ने दी। ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल के बच्चों ने योगेश मित्तल के निर्देशन में झांसी की रानी खूब लड़ी मर्दानी पर प्रस्तुति दी।

**छत्तीसगढ़ी संस्कृति की दिखी झलक-** चक्रधर समारोह के मंच स्कूलों बच्चों के नृत्यों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखी। यहां रायगढ़ के अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत पर संयुक्त रूप से ग्रुप के माध्यम से बेहद मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसमें कार्मेल कन्या रायगढ़ की छात्राओं ने राज्यगीत 'अरपा पैरी की धार' पर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। साथ ही छत्तीसगढ़ी पर्व की झलक को कर्मा एवं सुआ नृत्य के माध्यम से पेश किया। इसी तरह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तमनार के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुतियों से पूरा मंच तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा।

**नौ दुर्गा एवं शिव तांडव का रूप भी देखा दर्शकों ने-** साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ एवं संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्राएं मंच पर मां दुर्गा के नौ रूपों में नजर आयी। साधुराम विद्या मंदिर की छात्राओं ने मां दुर्गा की स्तुति में आयी जगदम्बे.... मराठी लोक नृत्य पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। वहीं संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने प्रार्थना एवं नृत्य के माध्यम से असत्य पर सत्य की जीत पर अरिंदम नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही मां दुर्गा के महिषासुर के रूप को भी पेश किया। कार्यक्रम की कड़ी में ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली के छात्र-छात्राओं ने ओम: नम: शिवाय.. ओम: नम: शिवाय..पर शिव तांडव स्त्रोत, उमा तांडव एवं गौरी तांडव में भरत नाट्यम के माध्यम से प्रस्तुति दी।

**पियानो वादन ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध-** चक्रधर समारोह के दूसरे दिन के सांस्कृतिक संध्या में मो.अयान के ग्रुप ने पियानों में बेहद ही सुरीली प्रस्तुति दी। पहला नशा, क्योंकि तुम ही हो, मुझ में कहीं जैसे गीतों पर पियानों के साथ क्लैप बॉक्स, की बोर्ड, मेलोडिका, तबले, ऑक्टाकार्ड, जम्बे पर संगत कर कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां की निरस्त

**रायगढ़।** डेंगू के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। जो लोग अवकाश पर गए हैं उन्हें तत्काल लौटने के लिए कहा गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा है कि डेंगू नियंत्रण के लिए सभी मोर्चों पर युद्धस्तर पर कार्य होना चाहिए। अधिकारी-कर्मचारी फील्ड पर नजर आएं। उन्होंने आयुक्त नगर निगम तथा सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि साफ -सफाई व्यवस्था, दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग के साथ डोर टू डोर जन जागरूकता अभियान और डेंगू का सर्वे का काम पूरी क्षमता से किया जाना है। नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है, इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही नहीं चलेगी।

### डेंगू से बचाव एवं जन-जागरूकता के संबंध में कलेक्टर आज लेंगे महत्वपूर्ण बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा 21 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में डेंगू से बचाव हेतु आवश्यक साफ-सफाई एवं जन-जागरूकता के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। इस दौरान वे संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों से डेंगू कार्य के संबंध में फीडबैक लेंगे। साथ ही शहर के कबाड़ व्यवसायियों, मैकैनिक एवं निर्माण कार्य में संलग्न ठेकेदारों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स से भी डेंगू से बचाव के संबंध में चर्चा करेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रायगढ़ ने सर्वसंबंधितों को नियत समय पर अवश्य रूप से बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 22 सितम्बर को

**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों/वाहनों के मानक दर निर्धारण के संबंध में परामर्श हेतु जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 22 सितम्बर 2023 को दोपहर 01 बजे से अपर कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 21 में आयोजित की गई है।

### जिले में 1087.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 20 सितम्बर तक 1087.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1082.8 मिली मीटर, पुसौर में 1163.6, खरसिया में 883.3, घरघोड़ा में 1073.3, तमनार में 1037.9, लैलूंगा में 1184.4, मुकडेगा में 1221.8, धरमजयगढ़ में 1179.2, छाल में 938.5 एवं कापू में 1178.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीण की मौत, दूसरी घटना में खेत से घर लौटे किसान की हालत बिगड़ने से मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत की सूचना अस्पताल से मिलने पर दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।



जानकारी के अनुसार पाली थानांतर्गत लाफा के पास स्थित ग्राम पोड़ी में कल एक वृद्ध बारिश के दौरान आकाशीय बिजली चमकने पर सुरक्षित स्थान समझकर एक पेड़ के पास नदी किनारे गया लेकिन आकाशीय बिजली की चपेट में वह आ गया। जिसे पाली सीएचसी जानकारी होने पर ले जाया गया। जहां उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पाली पुलिस ने मृतक के शव को पीएम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया।

जबकि दूसरी घटना में लीमडीह थाना उरगा निवासी ग्रामीण युवक कृष्ण कुमार उम्र 35 पिता रत्थूसिंह कल शाम को खेत घूमकर घर लौटा था। इसके बाद उसकी हालत काफी बिगड़ गई। परिणाम स्वरूप परिजन उसे लेकर रात में ही कोरबा जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा आज सुबह इसकी सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं उरगा थाने से पहुंचे स्टाफ ने मर्ग डायरी लेकर अपनी जांच शुरू करते हुए शव का पीएम करवाकर उसके परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया।

## चक्रधर समारोह : कबड्डी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया अपना जौहर, पुरुष वर्ग का भी रहा जलवा

- विधायक प्रकाश नायक ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं



**रायगढ़।** विधायक प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में चक्रधर समारोह के अवसर पर आज दो दिवसीय जिला स्तरीय महिला-पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में किया गया। विधायक नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद का जीवन में विशेष स्थान है। खेल से स्वास्थ्य ठीक रहता है एवं शरीर में स्वस्फूर्ति के साथ ताजगी बनी रहती है। उन्होंने उपस्थित सभी कबड्डी खिलाडिय़ों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जानकी काटजू ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल उपस्थित रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता नॉक आऊट पद्धति से खेला जा रहा है। लीग मैंच में आज महिला वर्ग में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें रायगढ़ जिंदल, पुसौर अदानी, लैलूंगा, धरमजयगढ़, तमनार, घरघोड़ा, खरसिया एवं होमगार्ड की टीम शामिल थे। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में लैलूंगा, जिंदल रायगढ़, खरसिया, रायगढ़ विकास खण्ड, बरमकेला, रायगढ़ निगम, पुसौर, सारंगढ़, धरमजयगढ़, तमनार, घरघोड़ा एवं लैलूंगा विधायक टीम ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित रेफरी में रमेश वर्मा, इंपायर श्यामा पटेल, जिनेश्वरी, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, उद्धव लाल सिदार, जितेस्वर प्रधान उपस्थित थे। कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम में मंच संचालन विकास रंजन ने किया।

**ये रहे विजयी-** कबड्डी प्रतियोगिता के प्रथम दिवस खेल गए मैच में पुरूष वर्ग में जिंदल फाउण्डेशन एवं घरघोड़ा के बीच खेले गए मैच में जिंदल फाउण्डेशन विजयी रहा। इसी तरह रायगढ़ विकासखण्ड एवं तमनार में रायगढ़ विकासखण्ड विजयी, बरमकेला एवं धरमजयगढ़ में बरमकेला विजयी, रायगढ़ नगर निगम एवं घरघोड़ा में घरघोड़ा विजयी, पुसौर एवं विधायक टीम लैलूंगा में पुसौर विजयी, सारंगढ़ एवं तमनार में तमनार विजयी, जिंदल एवं रायगढ़ निगम में जिंदल विजयी एवं लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के बीच खेले गए मैच में टाई हुआ।

इसी प्रकार महिला वर्ग में पुसौर एवं तमनार के बीच खेले गये मैच में पुसौर विजयी, जिंदल एवं धरमजयगढ़ में जिंदल विजयी रहा। होमगार्ड एवं लैलूंगा में लैलूंगा विजयी, लैलूंगा एवं तमनार में लैलूंगा विजयी, होमगार्ड एवं पुसौर में पुसौर विजयी, जिंदल एवं खरसिया में जिंदल विजयी, धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में धरमजयगढ़ विजयी रहे।

**21 सितम्बर को होगी राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता**

चक्रधर समारोह के अवसर पर 21 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बी.के.राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला कुश्ती प्रतियोगिता 4 विभिन्न किलोग्राम वजन वर्ग में आयोजित होगी।

## पीएससी में चयन से संबंधित याचिका पर राज्य सरकार ने दिया वक्तव्य

- कहा उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष पेश करेंगे जवाब
- जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी वह यथा स्थिति न्यायालय के आदेश के रहेगी अधीन
- न्यायालय के अगले आदेश तक नियुक्ति की प्रक्रिया को नहीं दिया जाएगा अंतिम रूप



**रायपुर (आरएनएस)।** पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर माननीय न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही हुई है, उसको आगे अंतिम रूप नही दिया जायेगा एवं जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी है वह यथा स्थिति माननीय न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी।

न्यायालय ने उक्त वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद रखी है एवं राज्य सरकार तथा पीएससी को निर्देशित किया है कि वे जो सूचीं याचिकाकर्ता के द्वारा पेश की गई है उसके तथ्यों की सत्यता के संबंध में भी जांच कर ले तथा याचिकाकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वह चयनित व्यक्तियों को पक्षकार बनाये और अपनी याचिका में निर्धारित संशोधन कर पेश करें। न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को भी सचेत किया गया है कि अगर याचिकाकर्ता की जानकारी गलत पाई गयी तो उसके विरुद्ध भी न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

## जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन तथा अरविन्द कुमार सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ के मार्गदर्शन में 19वें अखिल भारतीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों की बैठक में पारित प्रस्ताव के क्रियान्वयन के तहत बंदियों को उचित मानसिक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो, उसके लिये स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर जिला जेल रायगढ़ में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में पुराने बंदियों के अतिरिक्त नये अस्वस्थ बंदियों की पहचान की गई। शिविर में पूर्व चिन्हांकित 04 बंदियों का परीक्षण किया गया तथा नये बंदियों में से 05 बंदियों को मानसिक रूप से अस्वस्थ संभावित लक्षण पाये जाने पर उनके पुन: परीक्षण एवं काउंसिलिंग कर आगामी उपचार की कार्यवाही चिकित्सा अधिकारी के परामर्श अनुसार किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य अभियान के इस अवसर पर दीपक कुमार कोशले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ प्रकाश चेतवानी नोडल अधिकारी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी, पी. अतीत राव नर्सिंग अधिकारी, संतोष पाण्डेय काउंसलर शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ सहित जिला जेल से सहायक जेल अधीक्षक एस.पी.कुर्रे, जेल प्रहरी तथा जेल कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डेंगू नियंत्रित करने तत्काल फील्ड पर उतरें अधिकारी-कर्मचारी : कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस
- कलेक्टर ने कहा नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि, नही चलेगी कोई लापरवाही
- आयुक्त नगर निगम को शहर में साफ -सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश
- हॉट स्पॉट में टेमीफॉस दवा के छिड़काव और डोर टू डोर जन जागरुकता और सर्वे की कमान संभालने अधिकारियों को निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक




**रायगढ़।** डेंगू के बढ़ते मामलों के नियंत्रण को लेकर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू नियंत्रण के कार्य के लिए दिए निर्देशों का गंभीरता से पालन नहीं करने को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि डेंगू महामारी से निपटने के लिए सभी मोर्चों पर युद्धस्तर पर कार्य होना चाहिए। सभी की जिम्मेदारियां अहम और सभी को साझा रूप से प्रयास करने होंगे। जिससे शहर में स्थिति बेहतर हो।

कलेक्टर सिन्हा ने साफ -सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त नगर निगम को पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक प्रभावित क्षेत्रों के घर-घर में टीम द्वारा जांच करवाने और दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि डेंगू के मामले नियंत्रित करने के लिए लार्वा का सोर्स रिडक्शन करना सबसे महत्वपूर्ण है। मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों को वार्डों में सर्वे की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने चालानी कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने नगर निगम के सफाई प्रभारी को बैठक में बुलाकर अतिरिक्त कर्मचारी लगाते हुए सभी प्रभावित इलाकों में कचरे का उठाव और नालियों की सफाई तुरंत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू मरीजों के संबंध में उपचार को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन को निर्देश दिए एवं दवाइयों के पर्याप्त इंतजाम रखने के लिए कहा।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने नवीन तहसील भवनों के साथ स्कूल भवनों की मरम्मत का काम तेजी से करने के लिए कहा। आश्रम छात्रावासों के माहवार निरीक्षण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान खरीदी की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

कलेक्टर सिन्हा ने धान खरीदी की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने किसान पंजीयन के बारे में जानकारी ली, साथ ही खरीदी केंद्रों में जरूरी इंतजामों को लेकर भी समीक्षा की। उन्होंने इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र में खरीदी केंद्रों में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निर्देशित किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480